SHRI SANDESH
SHRIRAM Transport Finance Company Limited · A WINNING RELATIONSHIP
खंड 21 | जून 2021

एम. डी. की बात

प्यारे दोस्तों,

आप सभी को मेरा नमस्कार।

आशा करता हूँ कि आप और आपके परिवार के सभी सदस्य कुशल मंगल से हैं। आज हम सभी उस मुकाम पर आ पहुँचे हैं जब काफी पाबंदियों, अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बाद सब कुछ धीरे-धीरे खुलने लगा है। ऐसे में भी, जो दिल से आशावादी हैं,, वे अपने समाज की भलाई करने के मौके ढूँढने से नहीं चूकते। कई क्षेत्रों में लॉकडाऊन खुल रहा है और हम अपनी गति को फिर से बढ़ाने के लिए काफी उत्सुक हैं।

दरअसल, हमें पूरा यकीन है कि हम पहले से भी ज़्यादा सफलता हासिल करेंगे। हम अपने बिज़नेस क्षेत्र में कर्ज़ की माँग मे तेज़ बढ़ोतरी देख रहे हैं।

आज ज़्यादातर लोग ऑनलाईन शॉपिंग कर रहे हैं, जिस वजह से उन चीज़ों को लोगों के दरवाज़े तक पहुँचाने की व्यवस्था तैयार करने की ज़रूरत भी बढ़ गई है। इसकी वजह से, चीज़ों को लोगों के दरवाज़े तक पहुँचानेवाले सप्लाय चेन सोल्यूशन और लॉजिस्टिक प्रदान करनेवाले ग्राहकों के लिए असवर के और भी द्वार खुल गए हैं।

सेल्फ-स्टार्टर और ओनर-ऑपरेटर की इस श्रेणी की सहायता करने के लिए हम पूरी तरह से तत्पर हैं। हर दम कहीं भी जाने के लिए तैयार रहनेवाले पूरे भारत में अलग-अलग जगह पर बसे लोगों की इस बढ़ती श्रेणी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हम भी तैयार बैठे हैं। हमारे बिज़नेस में सुधार नज़र आ रहा है और ग्राहकों की ज़रूरतों को ध्यान मे रखकर तैयार की गई हमारी डिजीटल सुविधाएँ भी हमारे काफी काम आ रही हैं। इन सुविधाओं की मदद से आप कहीं से भी, कभी-भी हमारे साथ आसानी से जुड़ सकते हैं।

हमें खुशी है कि हम आपके प्रगति-पथ से सभी बाधाओं को हटाने में आपकी मदद कर पा रहे हैं। इसलिए आइए हम कंधे-से-कंधा मिलाकर एक नई सुबह की ओर कदम बढ़ाएँ।

जय हिंद।

कंपनी अपडेट

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फायनांस कंपनी ने क्यू.आय.पी. (QIP) रूट के ज़रिए रु. 2000 करोड़ की पूंजी जुटाई

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फायनांस कंपनी लिमिटेड ने निवेशकों के चुनिंदा समूह को इक्विटी शेयर (QIP-Qualified Institutions Placement of Equity Shares) जारी करके रु. 2000 करोड़ सफलतापूर्वक जुटाए हैं। यह दूसरी बार है कि STFC ने मार्केट से सफलतापूर्वक लगातार पैसे जुटाए हैं। STFC ने पहली बार अगस्त 2020 में राईट्स इश्यू करके रु. 1500 करोड़ जुटाए थे। महामारी के दौरान किसी भी NBFC द्वारा जुटाया गया यह दूसरा सबसे बड़ा QIP था।

महामारी के मुश्किल हालत के बावजूद हमें मार्केट से बहुत बढ़िया प्रतिसाद मिली। कंपनी नें जून 7, 2021 को QIP लाँच किया था और इसे 6.3 गुना ज़्यादा ओवर-सबस्क्रिपशन मिला।

हालाँकि SEBI ने QIP में 5% डिस्काऊँट की इजाज़त दी है, मगर हमारे इश्यू की किमत फ्लोर प्राईस में मामूली डिस्काऊँट के साथ रु. 1430 प्रति शेयर रखी गई थी, क्योंकि हाय क्वालिटी FII और DII की वजह से मार्केट में भारी माँग थी। इस इश्यू को 10 दिन की अवधि के अंदर फायनलाईज करके पूरा किया गया। मार्केट से जुटायी इस रकम को कैपिटल बेस बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

मार्केट के सबसे बड़े, तगड़े, और लंबे समय से मौजूद FII और DII निवेशकों, जैसे HDFC म्यूचुअल फंड, ICICI प्रुडेंशियल लाईफ इंशोरेंस, बिरला म्यूचुअल फंड, सुंदरम म्यूचुअल फंड, HDFC लाईफ इंशोरेंस, एनवेस्को म्यूचुअल फंड, फिडिलिटी मैनेजमेंट रिसर्च, फिडिलिटी इनवेस्टमेंट्स ने इसमें अपना पैसा लगाया। भारतीय निवेशकों को 38% और विदेशी निवेशकों को 62% क्रमश: इश्यू जारी किए गए।

यह बात ध्यान देने योग्य है कि इस इश्यू से पहले STFC में भारतीय निवेशकों का निवेश नामात्र था। साथ ही, इस इश्यू में वर्तमान FII, जैसे FMR, FIL, टी. रो प्राईस, वैलियंट, इत्यादि नें भी हिस्सा लिया और इस इश्यू की वजह से कंपनी में उनकी शेयर-होल्डिंग कम नहीं होगी।

इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर (BRLM-Book Running Lead Managers) ICICI सिक्यूरिटीज लिमिटेड, जे. पी. मॉर्गन इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, ऐक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटिग्रूप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्रायवेट लिमिटेड, HSBC सिक्यूरिटीज और कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्रायवेट लिमिटेड थे

श्रीराम कैपिटल लिमिटेड के लिए प्रेफरेंशियल अलॉटमेंट

साथ ही, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 7 जून 2021 को अपने प्रमोटर, श्रीराम कैपिटल लिमिटेड को रु. 500 करोड़ का प्रेफरेंशियल अलॉटमेंट देने का फैसला किया है। इसे बराबर मात्रा में इक्विटी शेयर और कंवर्टिबल वॉरेंट के तौर पर दिया जाएगा और इनकी किमत रु. 1440 प्रति सेक्यूरिटी रखी गई है। इसे पारित करने के लिए शेयरहोल्डर का EGM 7 जुलाई 2021 को रखा गया है। इस तरह STFC में श्रीराम कैपिटल लिमिटेड की कुल शेयर-होल्डिंग 26% से भी ज़्यादा हो जाएगी।

उद्योग समाचार और अपडेट



सड़क मंत्रालय ने इलेकट्रिक गाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल फीस माफ करने का प्रस्ताव रखा

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की माँग बढ़ाने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बैटरी पर चलनेवाली गाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने और रिन्यूअल के लिए लगनेवाली फीस को माफ करने का प्रस्ताव रखा है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

अगर 10 सेकंड से ज़्यादा इंतज़ार करना पड़े तो टोल भरने की ज़रूरत नहीं: नियम का स्पष्टीकरण

2018 में इंटरनेट पर कुछ विडियो घूम रहे थे जिसमें बताया गया था कि अगर किसी को टोल बूथ पर पिली लाईन के पीछे इंतज़ार करना पड़े तो उसे टोल टैक्स भरने की ज़रूरत नहीं है। इस वजह से कई वाहन चालकों की टोल चलानेवाले ऑपरेटरों के साथ झडपें हुई थीं, क्योंकि ऑपरेटरों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मगर अब इस नियम को लागू कर दिया गया है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

ओशोक लेलैंड वित्तीय वर्ष 2022 के आखिर तक स्विच मोबिलिटी के तहत पहला इलेक्ट्रिक LCV उतारेगा

कमर्शियल गाड़ियों के निर्माता हिंदुजा ग्रूप का अशोक लेलैंड इस वर्तमान वित्तीय वर्ष के आखिर तक पहला इलेक्ट्रिक लाईट कमर्शियल वेहिकल (LCV) उतारने की योजना बना रहा है। यह गाड़ी स्विच मोबिलिटी ऑटोमोटिव के बैनर तले लाँच की जाएगी जिसे हाल ही में भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की योजना को आगे बढ़ाने के हेतू से एक सब्सिडियरी के तौर पर सेटअप किया गया था।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

सरकार ने बारिश के दौरान फ्यूएल एफिशिएंसी बढ़ाने और ब्रेकिंग को बेहतर करने के लिए टायर्स के लिए नए आवश्यक निर्देशों का प्रस्ताव रखा

भारत सरकार ने टायरों के लिए नए आवश्यक निर्देशों को लागू करने का एक प्रस्ताव जारी किया है। इन नए निर्देशों के मुताबिक भारत में बिकनेवाले सभी टायर्स को रोलिंग रेज़िसटेंस, वेट ग्रिप और रोलिंग साऊँड एमिशन के लिए तय मानदंडों को ध्यान में रखकर बनाना और बेचना होगा।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

महिंद्रा साल 2026 तक 37 ट्रैक्टर, 9 SUV और 14 CV लाँच करेगा

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा साल 2026 तक पैसेजर और कमर्शियल गाड़ियों के मार्केट के लिए 23 नए प्रॉडक्ट्स लाँच करेगा, साथ ही 37 तरह के ट्रैक्टर भी लाँच करेगा। आनेवाले सालों में गाड़ियों की अलग-अलग श्रेणियों में महिंद्र 23 नए प्रॉडक्ट्स लाने की सोच रहा है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

STFC अब Telegram पर भी

अब हमारे साथ Telegram पर भी कनेक्ट कीजिए
सभी अपडेट पाने के लिए हमारे ऑफिशियल चैनल (t.me/stfcconnect) को जॉइन कीजिए।

अभी जॉइन कीजिए

From Loan details to FastTag recharge
Do it all with the MyShriram App

Know more about our products
Quick FASTag recharge
Locate and visit our nearest branch
Get latest news of STFC's offerings
Apply for Pre-Approved loan
Various Payment Options



www.stfc.in | GET IT ON Google Play | Scan QR code to download MyShriram App

Don't forget to subscribe to our YouTube channel - STFCconnect